# भाजपा के मनोनीत ओरमांझी मंडल अध्यक्ष का विरोध

## तीसरी बार मनोनयन पर फूटा 89 बूथ कार्यकर्ताओं का गुस्सा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** नौ वर्ष से लगातार मंडल अध्यक्ष रहने वाले दिलीप मेहता को फिर से ओरमांझी मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है। इसे लेकर बुधवार को भारतीय जनता पाटी ओरमांझी मंडल संयोजक बालक पाहन के अध्यक्षता में ओरमांझी प्रखंड के 89 बूथ कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दिलीप मेहता को फिर से मंडल अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संगठन के प्रति आक्रोश जताया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन से अपमानित होने का पीड़ा खुलकर व्यक्त किया। कहा लोकसभा चुनाव में ओरमांझी प्रखंड की पिछले 55 वर्ष में भाजपा की कभी हार नही हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने के बावजूद इस बार हार हुई। कारण पुराने जनसंघ काल व युवा समर्पित कार्यकर्ताओं को नजर अंदाज करना बताया गया। वहीं जनसंख्या से जुड़े कार्यकताओं ने कहा हमारी अनुभव तो दूर हम लोग की बात सुना नहीं जाता है। संगठन का दायित्व जोड़ना होता है लेकिन तोड़ने का कार्य किए जा रहे हैं। पार्टी में प्रोपेगेंडा चलाई जा रही है। लोकसभा चुनाव में बुथ का जिमा मिला, लेकिन प्रबंधन की जिम्मेदारी नहीं मिली। कई बुथों में 12 बजे तक बूथ एजेंट तक नहीं बैठे थे। तिसरी बार मंडल अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर सवाल उठे, ओरमांझी प्रखंड की हार कैसे हुए और लगातार मौका क्यों दिया जा रहा है। क्या भाजपा में अनुभवी कार्यकर्ताओं की कमी है। ओरमांझी मंडल की हार की समिक्षात्मक बैठक तक नही किए जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने कहा छोटे कार्यकर्ता हो या बड़े नेता सभी की बूथ का आकलन होना चाहिए। कहा दलाल प्रवृत्ति पार्टी में हावी होते जा रहे हैं, निस्वार्थ कार्यकर्ताओं की पूछ नहीं हैं। संगठन सिर्फ सोशल मीडिया में संचालित हो रहे है। भाजपा कमजोर होती जा रही है, वोट प्रतिशत भी कम होता जा रहा। इसकी चिंता किसी को नही है। पिछले दस वर्ष से भाजपा का पतन हुआ है। बावजूद मंडल अध्यक्ष को तीसरी बार मनोनित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया, और कहा यही हाल रहा तो इस बार भी खिजरी विधानसभा में भाजपा की हार सुनिश्चित है। बैठक में सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष बदलने की मांग की गई, और समर्पित कार्यकर्ताओं की बातें नहीं सुने जाने पर उलगुलान करने व परिणाम विधानसभा चुनाव में देखने की बात कही गई। संचालन सिकंदर महतो व धन्यबाद ज्ञापन जगमोहन मुंडा किया।



ओरमांझी भाजपा कार्यकर्ता की बैठक में बोलते नेता।

### कार्यकर्ताओं ने बैठक की सराहना की

राजनीतिक दृष्टि से इस तरह का बैठक करना अच्छी पहल है। पार्टी एक परिवार की तरह है और नाराजगी, आपस में मिल बैठकर दूर किया जा सकता है। बाद में निर्णय हुआ कि प्रदेश महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष व संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह से मंडल अध्यक्ष बदलने की मांग व कार्यकर्ताओं की नाराजगी से अवगत कराया जाएगा। जिसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में बालक पाहन, जयगोविंद साहू, उमाशंकर साहू, लक्ष्मण साहू, कृष्णा महतो, दुर्गाशंकरस साहू, ईश्वरी साहू, भीम मुंडा, संतोष महतो, राजेश गुप्ता, सत्यमराज कुशवाहा, जंगल महतो, चतुर साहू, नंदकिशोर मुंडा, योगेंद्र मुंडा, शंभुनारायण तिवारी, रामवृक्ष महतो, सुनील महतो, सुरेश साहू, कैलाश पाहन, निलमोहन पाहन, रोहित साहू, बोधनाथ महतो, सेवालाल महतो, कृष्णा साहू, रामकुमार मुंडा, चमरू प्रजापति, नवलकिशेर तुलषी, गणेश्वर महतो, अनुप महतो, ओमप्रकाश साहू, अक्षय साहू, सुनील नायक, पंकज कुमार, भानू साहू, अरूण साहू, रामप्रसाद उरांव, मोहन नायक, राजेश साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्स्थित थे।

# सड़कों पर टायर जला विरोध प्रदर्शन

## आरक्षण में कटौती के खिलाफ एसटी-एससी का फूटा गुस्सा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रातू।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण को लेकर दिये गये फैसले के खिलाफ भीम सेना प्रमुख नवाब सतपाल तंवर के आह्वान पर देश व्यापी बंद का जबरदस्त असर रहा। इस दौरान आदिवासी और हरिजन नामधारी संगठनों का गुस्सा फूटा। दलादिली, कटहल मोड़, चट्टी, कुंबाटोली, सिमलिया हाजी चौक और काठीटांड़ में बीच सड़क पर टायर जला विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शीर्ष अदालत और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुये घोषित नियम को वापस लेने की मांग की। आंदोलनकरियों को कांग्रेस-झामुमो का भी साथ मिला। कार्यकर्ताओं ने एकजुटता प्रदर्शित कर अपनी ताकत का एहसास कराया। क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान समेत चौक-चौराहे की दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान व पेट्रोल पंप बंद रहे। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय व बैंकों में कर्मियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। लंबी दूरी की यात्री बसों का परिचालन ठप रहने से राष्ट्रीय राज मार्ग 23, 75 व रिंग रोड वीरान रहा। आवश्यक सेवा को बंद से मुक्त रखा गया। विद्युत आपूर्ति पर भी असर पड़ा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। कई स्थानों में प्रदर्शनकारी और पुलिस में तीखी नोंक-झोंक की खबर है। देर रात तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

**प्रदर्शन में थे शामिल**

अमर उरांव, संगम उरांव, सुमित उरांव, मंगल उरांव, कुशल उरांव, रीता भगत, फुलमनी देवी, मोहन उरांव, महावीर विश्वकर्मा, असलम अंसारी, जाबिर अंसारी, कमरुल जाड़ी, शमीम मंसुरी, प्रदीप किस्पोट्टा, बबलू मिंज, सैयद फिरोज, सोमनाथ उरांव, बंधु उरांव और पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे।

### ओरमांझी में सड़क पर उतरे झामुमो-कांग्रेस कार्यकर्ता



**ओरमांझी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसटी, एससी, ओबीसी के आरक्षण को क्रिमी लेयर में लाने का फैसले के विरोध में भारत बंद को सफल बनाने को बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा व कांग्रेस पार्टी के साथ अन्य संगठन के नेता व कार्यकर्ता सड़क पर उतरें और वाहनों को परिचालन रोक दिया। दोपहर एक बजे के करीब विरोध प्रदर्षन करने सड़क पर उकते कार्यकर्ता शास्त्री चैक ओरमांझी स्थित टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और सुप्रीम कोर्ट व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। वहीं सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोक दिया गया। इससे पूर्व कई कार्यकर्ता सुबह 10 बजे के करीब जुलूस के शक्ल में नारेबाजी करते विकास गोलचक्कर के पास पहुचे और चारों ओर की वाहनों का आवागमन रोक दिया। जिससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। बाद में पहुंची पुलिस द्वारा प्रदर्षन करने वालों को समझा-बुझा कर जाम खुलवाा दिया। झामुमो प्रखंड के अध्यक्ष नागेष्वर महतो, केंद्रीय सदस्य कुदुश अंसारी, रांची युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार मुंडा, बचन उरांव, बबलु राम, आरपीआई अंबेदकर महासचिव प्रितम सांड लोहरा, कांग्रेस के तुलसी खरवार, अषोक गुप्ता, सुरेष साहू, षिवप्रसाद साहू, रमेष उरांव, प्रेमनाथ मुंडा, तौहिद आलम, शाकिर अंसारी, दीपक मुंडा, नरेश यादव सुरेंद्र मुंडा, मगनू मुंडा, सुधीर मुंडा, दुबेश्वर बेदिया, सुरेश मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थें।

### इटकी में बंद का मिला-जुला असर

**इटकी।** भारत बंद का इटकी प्रखंड क्षेत्र में मिला-जुला असर रहा। एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सन्नाटा पसरा रहा, वाहनों का आवागमन ठप रहा। इटकी से रांची चलने वाली यात्री बसें नही चले। निजी स्कूल बंद रहे, सरकारी और निजी प्रतिष्ठान खुले रहे लेकिन उपस्थिति कम रही। बुधवार को लगने वाला इटकी का साप्ताहिक बाजार लगा किंतु लोगों की उपस्थिति कम रही। बंदी को लेकर इटकी पुलिस दिनभर मुस्तैद रही।

## खलारी कोयलांचल में बंद असरदार कोयला उत्पादन व डिस्पैच प्रभावित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खलारी कोयलांचल में विभिन्न सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक पार्टियों ने भारत बंद को समर्थन दिया। कोयलांचल क्षेत्र में भारत बंद असरदार रहा। भारत बंद को देखते हुए विभिन्न दलों के नेता और एससी एसटी समुदाय के लोग सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध किया। सुबह से ही मंच के सदस्यों ने डकरा, केडी मुख्य बाजार, करकट्टा, धमधमिया, मैक्लुस्कीगंज सहित खलारी क्षेत्र में दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद करवाया। वहीं एनके एरिया की कोयला खदानों में उत्पादन एवं कोयला ढुलाई को भी ठप कराया। लोगों ने सड़क पर उतरकर दुकानों को बंद करते हुए जोरदार विरोध जताया है। खलारी प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र में बंद का व्यापक असर रहा। इस पर एसटी एससी नेताओ ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण किए जाने के फैसले को केंद्र सरकार की साजिश करार दिया जा रहा है। सड़क पर उतर कर लोग ने फैसले को वापस लेने की मांग किया। वहीं बंद के दौरान यात्री बस, ऑटो सहित अन्य माल वाहक वाहन एवं क्षेत्र में संचालित सभी स्कूल, कालेज बंद रहे। खलारी स्थित बैंक को बंद कर दिया गया। दोपहर में राष्ट्रपति के नाम खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट को इसको लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।

# टीएसपीसी के तीन गिरफ्तार, कार्बाइन, गोली बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के प्रकाश गंझू, राहुल लहरी और मोनू कुमार बड़ाईक को दो मोटरसाईकिल, एक देशी कार्बाइन, कार्बाइन को गोली, मोबाईल फोन, पिठू, कैमोफाईलज पाउच, टीएसपीसी संगठन का पर्चा, राउटर सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना मिली थी कि बुढ़मू, बड़कागांव और केरेडारी के सीमांत क्षेत्र में दामोदर नदी के पास ग्राम छापर में एक बंद पड़े क्वाटर में टीएसपीसी के उग्रवादी जमा हुए है। सूचना मिलने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी खलारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया और उक्त बंद पड़े क्वाटर का घेराबंदी कर छापामारी के दौरान प्रकाश गंझू, राहुल लहरी और मोनू कुमार बड़ाईक को दो मोटरसाईकिल, एक देशी कार्बाइन, कार्बाइन को गोली, पिठु, मोबाईल फोन, कैमोफाईलज पाउच, टीएसपीसी संगठन का पर्चा, राउटर सहित अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया। पुछताछ में गिरफ्तार उग्रवादियों ने बताया कि मार्च 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के पतरा बालू यार्ड में दिवाकर गंझू के साथ मिलकर लेवी वसूलने के लिए फायरिंग किये थे और काम बंद करवाये थे, करीब दो माह पहले टीएसपीसी संगठन से अलग हुए आलोक गुट से मारपीट किये थे और बालू घाट से रंगदारी वसूले थे, जुलाई 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के उरीमारी से तसरवार तक निमार्णाधीन सड़क के संवेदक से लेवी वसूलने के लिए फायरिंग कर काम बंद करवाये थे इसके अलावे दस्ता कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के साथ मिलकर पिपरवार, केरेडारी, बड़कागांव, उरीमारी, पतरातु, भुरकुंडा आदि थाना क्षेत्र में लेवी वसूलने के लिए कई उग्रवादी घटना को अंजाम दिये।

**छापामारी दल में थे शामिल**

बुढ़मू थाना में भी इनके विरूद्ध कांड संख्या 45/24 पहले से दर्ज है। छापामारी दल में डीएसपी रामनारायण चौधरी, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, संजीव कुमार, रंजीत तिवारी, संतोष कुमार रजक, छक्कू किस्कू, राजेश कुमार सिंह, रघुनंदन मंडल, सुरेन्द्र कुमार पासवान, संतोष दास, चुनमून सिंह, अनु अंचल और अजय कुमार रवि शामिल थे।

## कोयला लदा ट्रक ने मैक्लुस्कीगंज फाटक तोड़ा, जब्त

**खलारी।** चामा मैक्लुस्कीगंज बालूमाथ मुख्य पथ पर आने वाली मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक को कोयला लदे ट्रक ने तोड़ा, रेलवे पुलिस ने ट्रक को जप्त कर अग्रतर कार्रवाई जारी। घटना लगभग रात्रि 2.15 की बताया जाता है। मिली जानकरी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज रेलवे फाटक न0 8/ए टी में कोयला लदा ट्रक से बड़ा हादसा टल गया। गेटमैन ने बताया कि फाटक बंद कर के राजधर साइडिंग लाइन से कोयला लोड रैक जाने की सूचना थी। इस दौरान बालूमाथ के तरफ से कोयला लोड ट्रक फाटक के पास आकर रुक गया। उस दौरान कोयला लोड ट्रेन फाटक से पास कर रही थी। ट्रेन फाटक पास करते ही अचानक से लोड ट्रक बंद फाटक को तोड़ते हुए साइडिंग लाइन में आकर रुक गया।

## एक नजर में

### रातू : आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण भयभीत



**मवेशियों को बना रहे निशाना, कई किसान हो चुके प्रभावित**

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी, झखराटांड़, मलमाडू, तारूप, परहेपाट, टिकराटोली, काठीटांड़, आमटांड़, बड़का टोली, गुटवाटोली, फेटा, बाड़ीटोली व चिलदाग आदि गांवों में आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं। कुत्ते की झुंड आये दिन मुर्गी, गाय, बैल और बकरियों को निशाना बना रहा है। कई लोग रेबीज के शिकार हो रहे हैं। दर्जनों लोग इससे प्रभावित हैं। यह कुत्ते कहां से आये या छोड़े गये, किसी को समझ में नहीं आ रहा है। हालांकि, अपुष्ट खबरों के मुताबिक, कुत्तों को नगर निगम की गाड़ी से यहां लाकर छोड़ने की बात सामने आ रही है। जिस रास्ते से होकर झुंड गुजरता है, उन्हें देखते ही राहगीर के रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

### इटकी में शहीद प्रकाश गोप की मनी पुण्यतिथि



**इटकी।** आईटीबीपी के जवान शहीद प्रकाश गोप की पहली पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। इटकी साहेब मोड़ स्थित शहीद प्रकाश गोप के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिजनों ने उन्हें श्रद्धाजंलि दी। मौके पर प्रखंड कांग्रेस सचिव मोहित गोप ने कहा कि शहीद प्रकाश गोप ने ड्यूटी के दौरान देश की हिफाजत करते अपनी जान गवाई है। राष्ट्र के लिए दिया गया उनका बलिदान देश सदियों तक याद रखेगा। ज्ञात हो कि इटकी कुंदी बगधरा पतरा निवासी आईटीबीपी के शहीद जवान प्रकाश गोप का सिक्किम में भारत चीन बॉडर पर ड्यूटी के दौरान पर्वत चढ़ने के क्रम में ऑक्सीजन की कमी के कारण वर्ष 2023 में मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पत्नी बेबी देवी, रिशु राज, तनिष्क राज, आशा देवी, सोनी देवी, रूपा देवी, रामधन गोप, सूरज गोप, स्रीजन, रोहित, संदीप, कुंलदीप सहित परिवार के लोग मौजूद थे।

### भवेश कुमार बने खरसीदाग ओपी प्रभारी चुड़ामुनी टुडू गए लोअर बाजार

**नामकुम।** एसआई भवेश कुमार नें मंगलवार को खरसीदाग ओपी प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रभारी चूडामुनी टुडू ने उन्हे पदभार सौंपा। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था को तुस्द और दुरूस्त करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होने क्षेत्र के लोगों से आगे आकर समस्याओं को रखने और उनके समाधान में भी अपनी भूमिका निभाने की बात कही। मालूम हो कि सोमवार को पूर्व प्रभारी चुडामुनी टुडू को लोअर बाजार भेजा गया है।

## नगड़ी : ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखा भारत बंद का असर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** भारत बंद को लेकर नगड़ी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारत बंद को भारत बंद को लेकर व्यापक असर रहा सुबह से ही लोग अपनी दुकान सुबह में नगड़ी ना रो देवी सहित आसपास की दुकान खुली रही लेकिन जैसे ही सुबह 9:00 बजते ही बंद समर्थक झारखंड मुक्ति मोर्चा नगरी प्रखंड कमेटी के कार्यकताओं सड़क पर उतरे और लोगों को दुकान बंद करने की अपील की इसके पश्चात जहां मोम करता कार्यकर्ता नगरी के चिकन का नारा बाजार तक रोड के बीच रोड पर जाम कर दिए जिससे रांची गुमला मार्ग 23 के दोनों और लंबी-लंबी गाड़ियां लगी क्षेत्र में व्यापक असर रहा। क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप, स्कूल -कॉलेज दवा दुकान सहित जरूरी वस्तुओं के दुकान खुले रहे नगड़ी से रोजाना लगभग 60 की संख्या में बेड़ो रांची की और जाने वाली ऑटो बिल्कुल नहीं चली जिससे यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा नगड़ी प्रखंड झामुमो कमिटि , नगड़ी के कई आदिवासी संगठन के लोग दिनभर नारो बाजार टाड़ से लेकर नगड़ी प्रखंड कार्यालय तक दुकान बंद करने निकले इसके बाद रोड़ में बांस बल्ली लगाकर रोड जाम किये इधर दलादिली चौक के चारों ओर आदिवासी संगठनों ने सड़क को जाम कर दिया।

## युवा आक्रोश रैली को लेकर मंडल भाजपा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** भाजपा ग्रामीण जिला के निर्देश पर 23 अगस्त को आहूत युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर पश्चिमी मंडल की बैठक सुबोध साहू की अध्यक्षता में हुयी। इसमें बूथ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक व प्रभारियों ने भाग लिया। विधायक नवीन जायसवाल खास मेहमान थे। नवनियुक्त अध्यक्ष श्री साहू ने अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री जायसवाल ने राज्य की हेमंत सरकार पर तंज कसते हुये हर



साल 5 लाख नौकरी, स्नातक पास युवाओं को प्रतिमाह 5 से 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने व स्थानीय नीति लागू करने के चुनावी वायदे की याद दिलायी। उन्होंने झारखंड से भ्रष्टाचार और अराजकता को मिटाने के लिये गठबंधन सरकार को उखाड़ कर फेंकने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने रैली में हजारों की संख्या में भाग लेने का संकल्प लिया। संचालन महामंत्री रामानंद तिवारी ने किया।

**बैठक में लिया हिस्सा**

राजेंद्र पांडेय, कृष्णा भगत, जेम्स खलखो, प्रदीप टोप्पो, प्रीतम साहू, सुधाकर चौबे, सुबोध साहू, लाला उरांव, परमेश्वर सिंह, राजेश सिंह, शिवपूजन साहू, रूपेश गोप, देवेंद्र सिंह, संजय राय, परमानंद महतो, बिपुल तिवारी, गांधी भगत, संदीप सोनी, केशव साहू, रीता गुप्ता, संतोष भगत व अनिल ठाकुर आदि।

### बुंडू में एससी-एसटी आरक्षण से छेड़छाड़ का विरोध



**बुंडू।** संविधान विरोधी एसटी एससी आरक्षण में उपवर्गीकरण व क्रिमीलेयर के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आयोजित भारत बंद के समर्थन में भाकपा माले कार्यकताओं ने मौसीबाड़ी से अस्पताल टोली चौक से वापस बिरसा चौक बुंडू तक मार्च किया। मार्च में मोदी सरकार अध्यादेश लाकर संविधान विरोधी सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को वापस लो, आरक्षण विरोधी लेटरल इंट्री की नीति पर रोक लगाओ, आरक्षण विरोधी मोदी सरकार पर हल्ला बोल, जातिगत जनगणना अविलंब शुरू करो' आदि जोरदार नारे लगाए। माले नेताओं ने भारत बंद को अभूतपूर्व बताते हुए कहा- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में वर्गीकरण या क्रीमी लेयर के आधार पर आरक्षण की नीति आरक्षण को समाप्त करने की नीति है। भाजपा की शुरू से ही मंशा आरक्षण को समाप्त करने की रही है और वह इस दिशा में तेजी से बढ़ भी रही है। लैटरल एंट्री के जरिए मोदी सरकार ने एक स्तर पर आरक्षण को निष्प्रभावी बना भी दिया है। मोदी सरकार को अविलंब जाति जनगणना कर आरक्षण का विस्तार जरूरतमंद सामाजिक जातियों के लिए करना चाहिए। मार्च में माले नेता जगमोहन महतो,सुखदेव मुंडा, गौतम मुंडा, रामेश्वर मुंडा, लखिमनी मुंडा, भीष्म महतो, नानासाय मुंडा, सोमा मुंडा, सुगना मुंडा, बुदु मुंडा, डोमा मुंडा व जयमनी देवी आदि माले समर्थक मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रातू : नाली विवाद में मारपीट, युवक जख्मी

**रातू।** थाना क्षेत्र के पिर्रा में नाली विवाद को लेकर बुधवार की सुबह 9.30 बजे दो पक्षों के बीच हुये मारपीट में असलम अंसारी का पुत्र समीर अंसारी जख्मी हो गया। उसके सिर में चोटें आई है। उसका इलाज सीएचसी में कराया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि वह खतरे से बाहर है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### रातू : दुकान से मोबाइल की चोरी

**रातू।** काठीटांड-ब्लॉक रोड स्थित मां कमला मोबाईल दुकान से मोबाईल की चोरी होने की बात सामने आयी है। इसे लेकर प्रो झखराटांड़ निवासी पवन कुमार केसरी ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक, एक ग्राहक दुकान में आया और समान लेकर 25 सौ रुपए यूपीआई से भुगतान कर चला गया। इस दौरान उसने दुकान में रखे रियलमी कंपनी की मोबाईल सेट भी साथ ले गया। वह दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। यूपीआई पेमेंट में आरोपी का नाम मिथलेश लोहारा बता रहा है। पुलिस तफ्तीश कर रही है।

### 10 एकड़ में लगी फसल को हाथियों ने रौंद डाला

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सावडीह, हेसाडीह, बांधडीह, पापरीदा आदि गांवों में मंगलवार रात को 30-35 की संख्या में हाथियों के झुंड ने गांव में प्रवेश के जम कर उत्पात मचाया है। किसान प्रताप सिंह मुंडा, काशीनाथ सिंह मुंडा, ईश्वर यादव, प्रदीप सिंह मुंडा, दामोदर हजाम, दुलाल हजाम, मोहन महतो,जगदीश पातर, चारका महतो, विंदेश्वर महतो,श्रीकांत महतो, निशिकांत महतो आदि के 10 एकड़ में लगे धान और सब्जी फसल को खाया और रौंद दिया है। वनरक्षियों के हड़ताल में रहने के कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हाथी मित्र मलखान महतो ने किसानों से मिलकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों की जांच

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के हरातू पंचायत अंतर्गत जशपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।इस में 200 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई तथा अलग-अलग रोगों से बचने के उपाय और उपचार की जानकारी दी गई। जांच शिविर में सीएचओ संध्या टोप्पो, एएनएम निर्मला तिर्की ने मरीजों की जांच की। शिविर की सफलता में मुखिया राजेंद्र बेदिया, सहिया सोनामती देवी, मालती देवी, सोगरा खातून, तनुजा देवी,मंजू देवी,ग्राम प्रधान,सुरेश करमाली ने भूमिका निभाई।

### बेड़ो में भारत बंद का असरदार

**बेड़ो।** एससी-एसटी के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसला के विरोध में बुधवार को भारत बंद के दौरान बेड़ो में बंद का मिला जुला असर देखा गया। बंद समर्थक बेड़ो शहरी क्षेत्र में सुबह सड़क पर उतरे। वही भारत बंद को देखते हुए बेड़ो में दुकान, प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रही। बैंक खुले रहे लेकिन लोगों के नहीं आने से सन्नाटा पसरा रहा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

